# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–13 सितम्बर 2026** **सान्ध्य समाचार**

दो दिवसीय ब्रिक्स सम्मेलन आज नई दिल्ली में सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गया। इस दौरान महत्वपूर्ण नई दिल्ली घोषणा पत्र अपनाया गया। सम्मेलन के आज दूसरे और अंतिम दिन भागीदार देशों के मुख्य सत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि ब्रिक्स में ग्लोबल साऊथ के देशों का विश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स के भीतर विकसित समाधानों के लाभों को विकासशील देशों की जरूरतों के अनुसार ढाला और उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

**ब्रिक्स में ग्लोबल साउथ के देशों का विश्वास बढा है क्योंकि ब्रिक्स में उनकी आवाज सुनी जाती है, उनके अनुभव का सम्मान होता और सॉल्यूशन उनके लिए ही नही, उनके साथ मिलकर बनाए जाते हैं। हमारा सहयोग, हमारी प्रेरणा बने और हमारी प्रगति पूरी मानवता के काम आए।**

प्रधानमंत्री ने बताया कि शहरों के बीच बेहतर तौर–तरीकों को साझा करने की सुविधा के लिए 'ब्रिक्स अर्बन मोबिलिटी हब' का गठन किया गया है।

**अर्बन मोबिलिटी हब की स्थापना की गई है। भारतीय सभ्यता में प्रकृति को मां का दर्जा दिया गया है सदियों से हमारी मान्यता रही है कि विकास और पर्यावरण एक दूसरे के विकल्प नही पूरक है। ब्रिक्स में भी हमने मानव विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन पर बल दिया है।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सम्मेलन के समापन समारोह में प्रतिभागी देशों की सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज लखनऊ स्थित डाक्टर राममनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के छठवें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने संस्थान में अंग प्रत्यारोपण यूनिट, विस्तारित क्षमता के इमरजेंसी वार्ड और अन्य कई अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का लोकार्पण किया। उन्होंने संस्थान में विभिन्न पदों पर चयनित कार्मिकों को नियुक्ति पत्र भी वितरित किये। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि छः वर्ष के कम समय में ही यह संस्थान चिकित्सा और चिकित्सा शिक्षा का बेहतरीन केन्द्र बन कर उभरा है। उन्होंने कहा कि अंग प्रत्यारोण यूनिट की शुरूआत एक बड़ी चिकित्सा सुविधा साबित होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिये विगत नौ वर्षों में प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की एक नई श्रृंखला खड़ी हुयी है। समारोह में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रदेश में मजबूत हुयी चिकित्सा सेवाओं ने मेडिकल टूरिज्म को भी बढ़ाने का काम किया है। समारोह को चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह और संस्थान के निदेशक प्रोफेसर सीएम सिंह ने भी संबोधित किया।

**********

मुख्यमंत्री आज रायबरेली के ऊंचाहार में आयोजित श्री शिवमहापुराण कथा में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिव भक्ति भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक एकता का आधार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पावन कथाओं से मिलने वाली सकारात्मक ऊर्जा समाज और राष्ट्र दोनों को शक्ति प्रदान करती है।

**********

शासन प्रमुख के तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पच्चीस वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सत्रह सितंबर से सत्रह अक्टूबर तक चलाये जाने वाले प्रदेशव्यापी 'सेवा संकल्प अभियान' की व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। इसी क्रम में आज गोरखपुर में जिले के प्रभारी और प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने अधिकारियों के साथ बैठक कर अभियान की कार्ययोजना पर चर्चा की। उन्होंने अभियान के दौरान विभिन्न विभागों के बीच समन्वय बनाकर जरूरतमंद लोगों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

**********

नीट यूजी दो हजार छब्बीस के अंतर्गत प्रदेश में एमबीबीएस और बीडीएस की राज्य कोटे की सीटों पर प्रवेश के लिए दूसरे चरण की ऑनलाइन काउंसलिंग कल से शुरू होगी। चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण महानिदेशालय की तरफ से इसकी समय सारिणी जारी कर दी गयी है। पूरी प्रक्रिया पचीस सितंबर तक पूरी की जाएगी।

**********

महिला टी–20 क्रिकेट एशिया कप के फाइनल में आज दुबई में भारत का मुकाबला मौजूदा चौंपियन श्रीलंका से होगा। यह मैच भारतीय समय के अनुसार रात आठ बजे से खेला जाएगा। सेमीफाइनल में भारत ने बांग्लादेश को और श्रीलंका ने पाकिस्तान को हराया था।

**********

प्रदेश के कई जिलों में रुक–रुक कर बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक प्रदेश के कई हिस्सों में गरज चमक के साथ बौंछारें पड़ने का अनुमान जताया है। वहीं बारिश और बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश की कई नदियां उफान पर हैं। फर्रुखाबाद, बलिया में गंगा नदी, शाहजहांपुर में रामगंगा और अयोध्या, बाराबंकी व तुर्तीपार में घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं।

**********